अट्ठंग-जोगो

(अष्टांग योग)

आचार्य वसुनन्दी मुनि

ग्रंथ	:	अट्ठंग-जोगो (अष्टांग योग)
मंगल आशीर्वाद	:	परम पूज्य श्वेतपिच्छाचार्य श्री 108 विद्यानन्द जी मुनिराज
ग्रंथकार	:	अभीक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी मुनिराज
संपादन	:	आर्यिका वर्धस्वनंदनी
प्राप्ति स्थान	:	• श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बोलखेड़ा (कामां) राजस्थान
संस्करण	:	द्वितीय 1000 (सन् 2021)
प्रकाशक	:	निर्ग्रंथ ग्रंथमाला समिति (पंजी.)
मुद्रक	:	पारस प्रकाशन, दिल्ली मो.: 9811374961, 9818394651, 9811363613 pkjainparas@gmail.com, kavijain1982@gmail.com

संपादकीय

ज्ञानाद्वितं वेत्ति ततः प्रवृत्तिं, रत्नत्रये संचित कर्म मोक्षः।
ततस्ततः सौख्यमबाध मुच्चैस्तेनात्रयत्नं विदधाति दक्षः॥

मनुष्य ज्ञान से हित को जानता है, हित का ज्ञान होने से रत्नत्रय में प्रवृत्ति करता है, रत्नत्रय में प्रवृत्ति करने से संचित कर्मों से मोक्ष होता है और संचित कर्मों के मोक्ष से निर्बाध उत्तम सुख की प्राप्ति होती है, इसलिये चतुर मनुष्य ज्ञान में प्रयत्न करते हैं।

भव्य-नराः ज्ञानरथाधिरूढाः, व्रजन्ति शीघ्रं शिवपत्तनञ्च।
अज्ञानिनो मौढ्यरथाधिरूढाः, व्रजन्ति श्वभ्राभिधपत्तनं वै॥

ज्ञान रूपी रथ पर सवार हुए भव्य जीव शीघ्र मोक्षरूपी नगर को प्राप्त होते हैं और मूर्खतारूपी रथ पर सवार हुए अज्ञानी जीव निश्चय से नरकरूपी नगर को प्राप्त होते हैं।

चेतना के क्षितिज पर उदीयमान सम्यग्ज्ञान का आदित्य अज्ञान रूपी तम को तिरोहित कर वस्तु का सम्यक् अवबोध कराने में समर्थ होता है और सम्यग्ज्ञान का यह मिहिर श्रुताभ्यास स्वाध्याय से तेजस्विता को प्राप्त होता है। ''सम्यग्ज्ञान का वह सूर्य कषायों का अवशोषण, भोग रूपी कीटाणुओं का नाश, सम्यगावबोध का प्रकाश फैलाता है।'' स्वाध्याय में निरत व्यक्ति के लिये मोक्ष रूपी दुर्ग तक पहुँचने में बाधक संसार का यह दुर्गम व दुर्लंघ्य सा प्रतीत होने वाला गिरी राईवत् हो जाता है जिससे मोक्ष यात्रा सरल व सुगम हो जाती है।

अतः भव्य जीवों के हितार्थ आचार्य श्री ने मूलभाषा प्राकृत में

ग्रंथों का लेखन किया, जिससे भाषा को जीवंतता भी प्राप्त हो और सद्साहित्य के आलोक से संपूर्ण विश्व प्रकाशित हो सके।

यह ग्रंथ 273 गाथाओं में अनुबद्ध है। मात्र आसन या प्राणायाम का अर्थ योग नहीं। योग के भी अंग हैं–जिस प्रकार शरीर के आठ अंग, सम्यग्दर्शन के आठ अंग, सम्यग्ज्ञान के आठ अंग होते हैं उसी प्रकार योग के भी आठ अंग होते हैं। आठ में से एक का भी अभाव हो तो योग की पूर्णता उसका सम्यक् फल संभव नहीं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि ये आठ अंग योग के कहे गए हैं। इनका सरल, सुंदर व श्रेष्ठ वर्णन आचार्य महाराज ने ग्रंथ के अंतर्गत किया है। देह स्वस्थता, आत्मस्वभावोपलब्धि इस योग के ही परिणाम हैं। योग की साधना करने वाला सफलता को भी उसके माध्यम से हस्तगत करने में समर्थ होता है। अष्टांग योग का फल लिखते हुये आचार्य महाराज ने स्वयं लिखा है–

सुत्थ-णाण-णंद-संति-सुहाण-वड्ढगो अट्ठंग-जोगो।
उच्छाह-सत्ति-समाहि-झाणाणं कारणं जाणह।।263।।

अष्टांग योग को स्वस्थता, ज्ञान, आनंद, शांति और सुख का संवर्धक उत्साह, शक्ति, समाधि व ध्यान का कारण जानना चाहिये।।

सत्तट्ठ-भवेसु अट्ठविह-जोगं जो कुणदि उक्कस्सेण।
जहण्णेण तम्हि भवे, मुत्तिं लहिदुं सो सक्केदि।।267।।

जो 8 प्रकार के योग को करता है वह अधिक से अधिक सात-आठ भव में, जघन्य से उसी भव में मोक्ष को प्राप्त करने में समर्थ होता है।

योग का अध्ययन करने वाले, उस पर शोध करने वाले विदेशी विद्वान् पूज्य गुरुवर के समीप ग्रीनपार्क दिल्ली में आये थे। इटली, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया आदि स्थानों के विद्वान् उस योग के विषय में

जानने के उत्सुक थे। गुरुवर श्री ने उन्हें अष्टांग योग के विषय में समझाया और पुनः इस ग्रंथ लेखन को अपने बुद्धिचातुर्य, विषय निष्णातता के माध्यम से अल्पावधि में ही पूर्ण किया।

यदि इस ग्रंथ के संपादन में कोई त्रुटि रह गई हो तो विज्ञजन संशोधित कर पढ़ें, हंसवत् गुणग्राही दृष्टि से ग्रंथाध्ययन करें। जन-जन के श्रद्धापुंज परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य गुरुवर श्री वसुनंदी जी मुनिराज का संयम, तप, ज्ञान, साधना का सौरभ सहस्रों वर्षों तक संपूर्ण विश्व को सुरभित करता रहे। गुरुवर श्री को आरोग्य लाभ हो एवं अपने लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करें। परम पूज्य गुरुवर श्री के चरणों में सिद्ध-श्रुत-आचार्य भक्ति सहित कोटिशः नमोस्तु! नमोस्तु! नमोस्तु!.....।।

''जैनम् जयतु शासनम्''

श्री शुभमिति माघ शुक्ल दशमी
श्री वीर निर्वाण संवत् 2547
सोमवार 22.2.2021
श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली-बौलखेड़ा,
कामां, भरतपुर (राज.)

आर्यिका वर्धस्वनंदनी

अनुक्रमणिका

मंगलाचरण 13
ग्रंथ हेतु व प्रतिज्ञा 14
योगीन्द्रों को नमस्कार 14
योग आवश्यक 15
अनादि रोग 15
त्रिविध योग 15
दुरुपयोग से हानि 16
जीव के योग 16
त्रियोगी की स्थिति 17
तिर्यंचों के व्रत 17
द्विविध मनुष्य 17
स्वहितार्थ समर्थ कौन? 18
दुर्लभ से दुर्लभ 18
नर पर्याय भी निरर्थक 19
चार पुरुषार्थ 19
मोक्ष 19
मोक्षमार्ग 20
द्विविध श्रेणी 20
सम्यक्त्व के हेतु 20
तत्त्व स्वरूप 21
द्रव्यों का तत्त्व 21
सम्यग्ज्ञान-स्वरूप 21
सम्यक्चारित्र-स्वरूप 22
अभेद रत्नत्रय धारक 22
योगी कौन? 22
आत्मरसास्वादी 23
ज्ञानलीन मंगल 23
लोकपूज्य योगी 23
अरिहंतावस्था का मूल 24
भव्य कहाँ रागी? 24
संयमी ही योगी 24
आत्माराधक 25
कर्मदाहक 25
अध्यात्म-संवृत 25
पंद्रहविध योग 26
मन व वचन योग 26
सप्तविध काय योग 26
अष्टांग योग 27
यम 28
यम का व्युत्पत्त्यर्थ 28
यम-स्वरूप 28
यम का माहात्म्य 29
यम फल ग्राहक 29
नियम-स्वरूप 31
नियम-माहात्म्य 31
सकल संयम का हेतु 32
व्यवहार भी आवश्यक 32
निश्चय भी आवश्यक 32

व्यवहार-निश्चय 33
नियम आवश्यक 34
मोक्ष सुख हेतु 34
नियम फल ग्राहक 34
नियम, यम का हेतु 35
आसन धारक कौन? 35
स्थिर आसन से निर्वाण 36
प्रशस्तासन 36
ध्यान हेतु आसन 36
आसन से मनस्थिरता 36
आसनाभ्यास आवश्यक 37
आसन से लाभ 37
स्वपरहितार्थ समर्थ कौन? 38
प्राणायाम की आवश्यकता 38
प्राणायाम का स्वरूप 39
श्वासोच्छ्वास दुरुपयोग नहीं 39
श्वांस नियंत्रण 40
त्रिविध प्राणायाम 40
प्राणायाम से लाभ 40
पूरकादि स्वरूप 41
रेचक से लाभ 41
कुंभकादि काल 41
पूरकादि फल 42
कुंभक प्राणायाम से लाभ 42
ध्यान सिद्धि 43
चदु मंडल 43
जैसा रूप वैसा फल 43
पार्थिव मंडल 44
पृथ्वी तत्त्व 44
वारुण मंडल 45
जल तत्त्व 46
वायुमंडल 46
अग्नि मंडल 47
अग्नि तत्त्व 48
आग्नेय मंडल प्रभाव 48
पुरंदर वायु 49
वरुण वायु 49
पवन वायु 50
ज्वलन वायु 50
चदु वायु प्रभाव 50
मंगलकारी पुरंदर वायु 51
दहन वायु प्रभाव 51
पवन वायु प्रभाव 51
वायु ग्रहण व त्याग प्रभाव 52
वाम छिद्र से प्रवेश वायु प्रभाव 52
दक्षिण छिद्र से प्रवेश प्रभाव 53
सूर्य वा चंद्र मार्ग से वायु 53
सूर्योदय में उत्तम स्वर 53
दिवसों में उत्तम स्वर 54
पिंगला नाड़ी 54
इड़ा नाड़ी 55
सुषुम्ना नाड़ी 55
सगुण व निर्गुण स्वर 55
स्वरानुसार प्रश्न फल 56
चंद्र स्वर में करने योग्य कार्य 56
सूर्य स्वर में करने योग्य कार्य 57
अंगुलियाँ तत्त्ववाहिका 58
पृथ्वी मुद्रा 58
जल मुद्रा 58
सूर्य मुद्रा 59
आकाश मुद्रा 59
वायु मुद्रा 59

वाम व दक्षिण नाड़ी प्रभाव 60
सर्वश्रेष्ठ मंडल 60
नाड़ी अनुसार विजय कथन 61
निमित्त द्वारा स्वास्थ्य फल 61
जय-विजय प्रश्न 61
हानि-लाभ कथन 62
वापिस लौटने रूप प्रश्न 62
युद्ध विषयक प्रश्न 62
वर्षा विषयक प्रश्न 63
धान्य विषयक प्रश्न 63
पूरक पवन में सम्मानीय जन 64
रिक्त स्वर में स्थापनीय 64
जन्म विषयक प्रश्न 64
गर्भ विषयक प्रश्न 65
स्वर परिवर्तन 65
निरोगी द्वारा श्वास ग्रहण 66
विशेषकार्यार्थ सुषुम्ना नाड़ी त्याज्य ...66
स्वरानुसार कदम 66
'हँ' बीज चिंतन 67
प्राणायाम में रंजायमान नहीं 68
आरोग्य कारण 68
योगी ध्येता 69
मोक्षार्थी को प्राणायाम बाधक 69
प्राणायाम-ध्यान खंडक 69
मात्र आसन-प्राणायाम हानि 70
देह पोषक संयम च्युत 70
आत्म धर्म विरोधी 70
पदभ्रष्ट 71
इंद्रियजय अभ्यास 71
प्रत्याहार स्वरूप 71
प्रत्याहार क्यों? 72
प्रत्याहार का मूल 72
उत्तम ध्याता 73
समाधि कारण 73
धारणा स्वरूप 73
ध्यान स्थान 74
कल्याण हेतु समर्थ 74
धारणा फल 74
ध्यान हेतु शुद्धि 75
प्रशस्त दिशा 75
दिशा प्रभाव 75
गुणस्थानों में ध्यान व शुभ भावना ..76
संहनन आवश्यक 76
उपशम श्रेणी हेतु संहनन 76
ध्यान धुरंधर 77
शुक्ल ध्यान प्रासक 77
ध्यान सामर्थ्य 77
स्थिर चित्त में निजावलोकन 78
कषाय शमन बिना ध्यान नहीं 78
ध्यान से दुःखांत 79
प्रशस्त ध्यान 79
कषाय से संक्लेशता 79
चतुर्विध ध्यान 80
धर्मध्यान भेद 80
आज्ञा विचय 80
अपाय विचय 81
विपाक विचय 82
संस्थान विचय 83
दशविध धर्मध्यान 84
धर्मध्यान स्वरूप 84
पिंडस्थादि स्वरूप 85
पंच धारणा 85

शुक्ल ध्यान 86
शुभ ध्यान फल 86
आधि-उपाधि-व्याधि त्याग 87
एकार्थवाची शब्द 87
समाधि का पात्र 87
समाधि स्वरूप 88
समाधि फल 88
अष्टांग योग में समाधि 89
विकारी भाव त्याग 89
स्थितप्रज्ञ-समाधिभाव-पात्र 90
आत्मगुणभोक्ता 90
समाधि बिना मोक्ष नहीं 91
योगियों का सार 91
शुक्लध्यान ही परमसमाधि 91
श्रेणी आरोहकों का ध्यान ही समाधि 92
उपचार से समाधि भाव 92
अष्टांग योग फल 92
अंतिम मंगलाचरण 94
ग्रंथकार की लघुता 95
प्रशस्ति 95

अट्ठंग-जोगो

(अष्टांग योग)

योग देह व आत्मा दोनों के लिये स्फूर्ति प्रदायक, आरोग्यकारक, दुःख-क्लेशनाशक व सुखशांतिवर्द्धक है। जीव के चरम व परम लक्ष्य को प्राप्त कराने हेतु "अष्टांगयोग" श्रेष्ठ रथ के समान है जिस पर आरुढ़ हो संसार की दुर्गम, विलंघ्य खातिकाओं को पार कर मोक्ष महल में प्रवेश पाया जा सकता है।



अट्ठंग-जोगो
(अष्टांग योग)

मंगलाचरण

वीयरायी केवली, सजोगी सव्वण्हु-हिदुवदेसगा।
जगपुज्जा तित्थयरा, कल्लाणालया णमंसामि।।1।।

अन्वयार्थ-कल्लाणालया-कल्याणों के आलय **वीयरायी**-वीतरागी **सव्वण्हू**-सर्वज्ञ **हिदुवदेसगा**-हितोपदेशी **सजोगी**-सयोग **केवली**-केवली **जगपुज्जा**-जगद्पूज्य **तित्थयरा**-तीर्थंकरों को **णमंसामि**-नमस्कार करता हूँ।

उसहादो वीरंतं, सव्व-सूरी उवज्झाया साहू।
तिजोग-साहग-जोगी, कम्मं खयेदुं च पणमामि।।2।।

अन्वयार्थ-उसहादो-श्री ऋषभदेव से लेकर **वीरंतं**-महावीर स्वामी तक (सभी तीर्थंकरों को) **सव्वसूरी**-सभी आचार्य **उवज्झाया**-उपाध्याय **साहू**-साधु **च**-और **तिजोग-साहग-जोगी**-त्रियोग साधक योगियों को **कम्मं खयेदुं**-कर्म क्षय के लिए **पणमामि**-प्रणाम करता हूँ।

गणहरुसहसेणादो, गोदम-पेरंतं सुदकेवली य।
वादि-पच्चक्खणाणी, पत्तेय-वुड्ढि-जुदा वंदे।।3।।

अन्वयार्थ-गणहरुसहसेणादो-श्री वृषभसेन गणधर से **गोदम-पेरंतं**-गौतम पर्यंत (सभी गणधरों) **सुदकेवली**-श्रुत केवली **वादि-पच्चक्खणाणी**-वादी मुनि, प्रत्यक्ष ज्ञानी **य**-और **पत्तेय-वुड्ढि-जुदा**-प्रत्येक बुद्धि ऋद्धि से युक्त सभी मुनियों की **वंदे**-वंदना करता हूँ।

कुंदकुंदाइरियं च, सोमदेव-देवणंदि-अकलंका।
धरसेण-माहणंदी, समंतभद्द-सुहचंदा हं।।4।।

भद्दबाहु-जिणचंदा, णंदिमित्त-विण्हु-वीर-जिणसेणा।
गुणहरं पुप्फदंतं, भूदबलि-जदिवसहा वंदे।।5।।

अन्वयार्थ-विण्हुं-आचार्य श्री विष्णु **णंदिमित्तं**-नंदिमित्र **भद्दबाहुं**-भद्रबाहु स्वामी **माहणंदिं**-माघनंदी **धरसेणं**-धरसेन **गुणहरं**-गुणधर **पुप्फदंतं**-पुष्पदंत **भूदबलिं**-भूतबलि **जिणचंदं**-जिनचंद्र **कुंदकुंदाइरियं**-आचार्य कुंदकुंद स्वामी **जदिवसहं**-यतिवृषभ **समंतभद्दं**-समंतभद्र **देवणंदिं**-देवनंदी **अकलंकं**-अकलंक **वीरसेणं**-वीरसेन **जिणसेणं**-जिनसेन **सोमदेवं**-सोमदेव **तह**-तथा **सुहचंदं**-शुभचंद्राचार्य की **हं**-मैं (आचार्य वसुनंदी मुनि) **वंदे**-वंदना करता हूँ।

ग्रंथ हेतु व प्रतिज्ञा

भव्वजीव-हिदंकरं, णिवट्टीए तह असुहजोगादो।
सुद्धजोग-लद्धीए, अट्ठंग-जोगं णिरूवेमि।।6।।

अन्वयार्थ-असुहजोगादो-अशुभ योग से **णिवट्टीए**-निवृत्ति **तह**-तथा **सुद्धजोग-लद्धीए**-शुद्ध योग की प्राप्ति के लिए **भव्व-जीव-हिदंकरं**-भव्य जीवों के हितकर **अट्ठंग-जोगं**-अष्टांग योग का **णिरूवेमि**-निरूपण करता हूँ।

योगीन्द्रों को नमस्कार

भव-तण-भोय-विरत्ता, आदावणाइ-ति-जोग-संजुत्ता।
णियसुद्धप्पणुरत्ता, णमंसामि सव्व-जोगिंदा।।7।।

अन्वयार्थ-भव-तण-भोय-विरत्ता-संसार, शरीर, भोगों से विरक्त **आदावणाइ-तिजोग-संजुत्ता**-आतापन आदि तीन योग से संयुक्त **णियसुद्धप्पणुरत्ता**-निज शुद्धात्मा में अनुरक्त **सव्व-जोगिंदा**-सर्व योगीन्द्रों को (मैं) **णमंसामि**-नमस्कार करता हूँ।

योग आवश्यक

जोगं विणा णो को वि, जीवो सक्केदि हु भव-छिंदेदुं।
भोया भव-भय-हेदू, कम्म-दुक्ख-परिवड्ढगा तह।।8।।

अन्वयार्थ- **हु**-निश्चय से **जोगं**-योग के **विणा**-बिना **को वि**-कोई भी **जीवो**-जीव **भव-छिंदेदुं**-भव का छेद करने में **णो सक्केदि**-समर्थ नहीं होता। **भोया**-भोग **भव-भय-हेदू**-भव भय के हेतु **तह**-तथा **कम्म-दुक्ख-परिवड्ढगा**-कर्म व दु:खों के परिवर्द्धक हैं।

अनादि रोग

जम्म-मिच्चु-जरामया, अणादीदो विज्जंति जीवेसुं।
ते संसारी णियमा, सहंति अणंतदुहाणि सया।।9।।

अन्वयार्थ-जीवेसुं-जीवों में **अणादीदो**-अनादि से **जम्म-मिच्चु-जरामया**-जन्म, जरा, मृत्यु रूपी रोग **विज्जंति**-विद्यमान है। **ते**-वे **संसारी**-संसारी जीव **णियमा**-नियम से **सया**-सदा **अणंतदुहाणि**-अनंत दु:खों को **सहंति**-सहन करते हैं।

त्रिविध योग

जोगो तिविहो भणिदो, भेयादो मण-वयण-कायाणं च।
मणजोगी थोगहिया, पुण वय-काय-जोगी कमेण।।10।।

अन्वयार्थ-जोगो-योग **मण-वयण-कायाणं च**-मन, वचन और काय के **भेदादो**-भेद से **तिविहो**-तीन प्रकार का **भणिदो**-कहा गया है (उनमें) **मणजोगी**-मनोयोगी **थोगा**-स्तोक (थोड़े) हैं **पुण**-पुन: **वय-काय-जोगी**-वचन तथा काय योगी **कमेण**-क्रम से **अहिया**-अधिक हैं।

दुरुपयोग से हानि

कुणदि दुरुवजोगं जो, मण-वयण-काय-तिण्णि-जोगाणं च।
एगेग-जोगस्स वा, ता जीवो भमदि संसारे।।11।।

अन्वयार्थ-जो-जो **मण-वयण-काय-तिण्णि-जोगाणं च**-मन, वचन और काय तीनों योगों का **वा**-अथवा **एगेग-जोगस्स**-एक-एक योग का भी **दुरुवजोगं**-दुरुपयोग **कुणदि**-करता है **ता**-तो (वह) **जीवो**-जीव **संसारे**-संसार में **भमदि**-भ्रमण करता है।

जीव के योग

सव्वा थावर-जीवा, होंति सहिदा खलु कायजोगेणं।
ते अणंताणंता य, सेसा असंखेज्जा मेत्तं।।12।।

अन्वयार्थ-खलु-निश्चय से **सव्वा**-सभी **थावर-जीवा**-स्थावर जीव **कायजोगेणं**-काय योग से **सहिदा**-सहित **होंति**-होते हैं **ते**-वे **अणंताणंता**-अनंतानंत हैं **य**-और **सेसा**-शेष जीव **असंखेज्जा**-असंख्यात **मेत्तं**-मात्र हैं।

बेइंदिय-जीवादो, वयण-काया हु असण्णि-पेरंतं।
संखेज्जासंखेज्जा, मणजोग-रहिदा णेया ते।।13।।

अन्वयार्थ-बेइंदिय-जीवादो-दो इंद्रिय जीवों से **असण्णि-पेरंतं**-असंज्ञी पर्यंत (सभी के) **वयण-काया**-वचन व काय योग होता है। **हु**-निश्चय से **ते**-वे **संखेज्जासंखेज्जा**-संख्यातासंख्यात जीव **मणजोग-रहिदा**-मन योग से रहित **णेया**-जानने चाहिए।

सण्णी पंचिंदिया हु, णियमेण होज्ज तिजोग-संजुत्ता।
ते सवर-कल्लाणस्स, समत्था ण वियलजोग-जुदा।।14।।

अन्वयार्थ-सण्णी पंचिंदिया-संज्ञी पंचेन्द्रिय जीव **णियमेण**-नियम से **तिजोग-संजुत्ता**-त्रियोग से सहित **होज्ज**-होते हैं **ते**-वे **हु**-ही

सवर-कल्लाणस्स-स्व-पर कल्याण के लिए **समत्था**-समर्थ हैं **वियलजोग-जुदा**-विकल योग से युक्त (जीव कल्याण के लिए समर्थ) **ण**-नहीं हैं।

त्रियोगी की स्थिति

तिण्णि-जोग-संजुत्ता, होंति चउगदीसुं जीवा णियमा।
परं मणुजो समत्थो, सवरहिदाय संजमेणं हि।।15।।

अन्वयार्थ-तिण्णि-जोग-संजुत्ता-तीनों योगों से संयुक्त **जीवा**-जीव **चउगदीसुं**-चारों गतियों में **णियमा**-नियम से **होंति**-होते हैं **परं**-किंतु **संजमेणं**-संयम के द्वारा **सवरहिदाय**-स्वपर का हित करने में **मणुजो**-मनुष्य **हि**-ही **समत्थो**-समर्थ है।

तिर्यंचों के व्रत

जीवा तिरिय-गदीए, होंति संजुत्ता अवि तिजोगेहिं।
गहेदुं अणुव्वदं ण, समत्था महव्वदं कया वि।।16।।

अन्वयार्थ-तिरिय-गदीए-तिर्यंचगति में **जीवा**-जीव **तिजोगेहिं**-तीनों योगों से **संजुत्ता**-संयुक्त **अवि**-भी **होंति**-होते हैं (और) **अणुव्वदं**-अणुव्रत **गहेदुं**-ग्रहण करने में **समत्था**-समर्थ हैं **महव्वदं**-महाव्रत (ग्रहण करने में) **कया वि**-कदापि (समर्थ) **ण**-नहीं हैं।

द्विविध मनुष्य

मणुजो दुविहो भणिदो, कम्मभूमिजो अकम्मभूमिजो य।
अकम्मभूमिजो वि तह, कुभोग-भोग-भूमिजा सया।।17।।

अन्वयार्थ-मणुजो-मनुष्य **दुविहो**-दो प्रकार का **भणिदो**-कहा गया है **कम्मभूमिजो**-कर्म भूमिज **य**-और **अकम्मभूमिजो**-अकर्मभूमिज **तह**-तथा **अकम्मभूमिजो**-अकर्मभूमिज **वि**-भी **सया**-सदा (दो प्रकार के हैं) **कुभोग-भोग-भूमिजा**-कुभोग भूमिज और भोगभूमिज।

स्वहितार्थ समर्थ कौन ?

कम्ममहीइ णरो जो, जम्मेदि उच्चजादीए कुलम्मि।
अवियल-देह-संजुदो, सत्थ-देह-दिग्घाउ-सहिदो।।18।।
लहदि उत्तम-संगदिं, जिण-सुद-णिग्गंथ-सण्णिवअं सो हु।
सहिदाय सक्कदि किच्चु, मिच्छत्ताइ-उवसमादिं।।19।।

अन्वयार्थ-**जो**-जो **णरो**-नर **कम्ममहीइ**-कर्म भूमि में **उच्चजादीए**-उच्च जाति **कुलम्मि**-कुल में **जम्मेदि**-जन्म लेता है **अवियल-देह-संजुदो**-अविकल देह से युक्त **सत्थ-देह-दिग्घाउ-सहिदो**-स्वस्थ देह व दीर्घ आयु से सहित होता है **उत्तम-संगदिं**-उत्तम संगति व **जिण-सुद-णिग्गंथ-सण्णिवअं च**-जिन, श्रुत और निर्ग्रन्थ साधु के सान्निध्य को **लहदि**-प्राप्त करता है **सो**-वह **हु**-निश्चय से **मिच्छत्ताइ-उवसमादिं**-मिथ्यात्व आदि का उपशम आदि **किच्चु**-करके **सहिदाय**-स्वहित के लिए **सक्कदि**-समर्थ होता है।

दुर्लभ से दुर्लभ

णिस्सरित्तु णिगोदादु, उप्पज्जणं ववहार-रासीए।
दुल्लहो तस-पज्जाय-गहणं अणंतभवेसु तहा।।20।।

अन्वयार्थ-**णिगोदादु**-निगोद से **णिस्सरित्तु**-निकलकर **ववहार-रासीए**-व्यवहार राशी में **उप्पज्जणं**-उत्पन्न होना **दुल्लहो**-दुर्लभ है **तहा**-तथा **अणंतभवेसु**-अनंतभवों में **तस-पज्जाय-गहणं**-त्रस पर्याय ग्रहण करना दुर्लभ है।

अइदुल्लह-णरजोणी, दुल्लह-सम्मत्त-णाण-चरित्ताणि।
णिच्छय-बोही हु महा-दुल्लहा तियाले लोयम्मि।।21।।

अन्वयार्थ-**तियाले**-तीनों कालों **लोयम्मि**-तीनों लोकों में **णरजोणी**-नरयोनि **अइदुल्लहा**-अतिदुर्लभ है **सम्मत्त-णाण-चरित्ताणि**-

सम्यक्त्व-ज्ञान-चारित्र **दुल्लहाणि**-दुर्लभ है (और) **हु**-निश्चय से **णिच्छय-बोही**-निश्चय बोधि **महा-दुल्लहा**-महा दुर्लभ है।

नर पर्याय भी निरर्थक

पाविय णर-पज्जायं, सुकुलं वुड्ढिं धम्मणिमित्तं जइ।
णो पययो मोक्खस्स हु, णिरत्थगा तस्स सव्वा ते।।22।।

अन्वयार्थ-णर-पज्जायं-नर पर्याय **सुकुलं**-सुकुल **वुड्ढिं**-समीचीन बुद्धि **धम्मणिमित्तं**-धर्म के निमित्त को प्राप्तकर **जइ**-यदि **मोक्खस्स**-मोक्ष के लिए **पययो**-प्रयत्नशील **णो**-नहीं है (तो) **तस्स**-उसके **हु**-निश्चय से **ते**-वे **सव्वा**-सब **णिरत्थगा**-निरर्थक हैं।

चार पुरुषार्थ

चदुविहो पुरिसत्थो हु, धम्मो अत्थो कामो तह मोक्खो।
ववसंति मोक्खाय जे, ते णियमा परम-पुरिसत्थी।।23।।

अन्वयार्थ-हु-निश्चय से **पुरिसत्थो**-पुरुषार्थ **चदुविहो**-चार प्रकार के हैं **धम्मो**-धर्म **अत्थो**-अर्थ **कामो**-काम **तह**-तथा **मोक्खो**-मोक्ष **जे**-जो (जीव) **मोक्खाय**-मोक्ष के लिए **ववसंति**-प्रयत्न करते हैं **ते**-वे **णियमा**-नियम से **परम-पुरिसत्थी**-परम पुरुषार्थी हैं।

मोक्ष

सव्वकम्म-विहीणो य, सहज-गुण-जुत्तो सुद्धभावेहिं।
णिक्कम्मो णिम्मलो हु, सस्सदो सुद्धप्पा मोक्खो।।24।।

अन्वयार्थ-सुद्धभावेहिं-शुद्धभाव **य**-और **सहज-गुण-जुत्तो**-सहज गुणों से युक्त **सव्वकम्म-विहीणो**-सर्वकर्म से विहीन **णिक्कम्मो**-निष्कर्म **णिम्मलो**-निर्मल **सस्सदो**-शाश्वत **सुद्धप्पा**-शुद्धात्मा **हु**-ही **मोक्खो**-मोक्ष है।

मोक्षमार्ग

सम्मत्तं सण्णाणं, सच्चरियं सिवपहो ववहारेण।
तत्तिय-मइयो अप्पा, णिच्छयेण होदि सिवपहिया।।25।।

अन्वयार्थ-ववहारेण-व्यवहार से **सम्मत्तं**-सम्यग्दर्शन **सण्णाणं**-सम्यग्ज्ञान **सच्चरियं**-सम्यक्चारित्र **सिवपहो**-शिवपथ है **णिच्छयेण**-निश्चय से **तत्तिय-मइयो**-इन तीनों से सहित **अप्पा**-आत्मा **सिवपहिया**-मोक्षमार्गी **होदि**-होती है।

द्विविध श्रेणी

बे सेणी मोक्खस्स हु, मण्णे खवगो य उवसमो णिच्चं।
उवसमस्स णो णियमो, खवगो णियमेण देदि सिवं।।26।।

अन्वयार्थ-हु-निश्चय से **मोक्खस्स**-मोक्ष की **बे सेणी**-दो श्रेणी सीढ़ी **मण्णे**-मानी गई हैं **खवगो**-क्षपक **य**-और **उवसमो**-उपशम **उवसमस्स**-उपशम श्रेणी का **णियमो**-नियम **णो**-नहीं है **खवगो**-क्षपक श्रेणी **णियमेण**-नियम से **सिवं**-मोक्ष को **देदि**-देती है।

सम्यक्त्व के हेतु

तच्चाणं सद्दहणं, सम्मत्तं अत्तागम-णिग्गंथा।
उवएसो अवि ताणं, जाणह हेदू सम्मत्तस्स।।27।।

अन्वयार्थ-तच्चाणं-तत्त्वों का **सद्दहणं**-श्रद्धान **सम्मत्तं**-सम्यक्त्व है **अत्तागम-णिग्गंथा**-आप्त, आगम, निर्ग्रंथ (और) **ताणं**-उनके **उवएसो**-उपदेश **अवि**-भी **सम्मत्तस्स**-सम्यक्त्व के **हेदू**-हेतु **जाणह**-जानो।

तत्त्व स्वरूप

जस्स-सहावो होज्जा, जो सो तच्चं हि तस्स णियमेणं।
तं तस्स एव तच्चं, तेण विणा ण किंचि वि तच्चं।।28।।

अन्वयार्थ-जस्स-जिसका **जो**-जो **सहावो**-स्वभाव **होज्जा**-होता है **सो**-वह **णियमेणं**-नियम से **तस्स**-उसका **तच्चं**-तत्त्व है **हु**-निश्चय से **तस्स**-उसका **तं**-वह **एव**-ही **तच्चं**-तत्त्व है **तेण**-उसके **विणा**-बिना **किंचि वि**-किंचित् भी **तच्चं**-तत्त्व **ण**-नहीं है।

द्रव्यों का तत्त्व

जीवत्तं च जीवस्स, सीयलत्तं जलस्स तच्चं जाण।
उण्हत्तं अग्गिणो हु, पूरणं गलणं पोग्गलस्स।।29।।
णहस्सवगाहणत्तं, गदि-हेदुत्तं तह धम्म-दव्वस्स।
वट्टणा काल-तच्चं, ठिदि-हेदुत्तमधम्मस्स सय।।30।।

अन्वयार्थ-हु-निश्चय से **जलस्स**-जल का **तच्चं**-तत्त्व **सीयलत्तं**-शीतलता **अग्गिणो**-अग्नि का **उण्हत्तं**-उष्णत्व **जीवस्स**-जीव का **जीवत्तं**-जीवत्व **पोग्गलस्स**-पुद्गल का (स्वभाव) **पूरणं**-पूरन **च**-और **गलणं**-गलन **धम्म-दव्वस्स**-धर्मद्रव्य का **गदि-हेदुत्तं**-गति हेतुत्व **अधम्मस्स**-अधर्म द्रव्य का **ठिदि-हेदुत्तं**-स्थिति हेतुत्व **णहस्स**-आकाश का **अवगाहणत्तं**-अवगाहनत्व **तह**-तथा **वट्टणा**-वर्तना **सय**-सदा **काल-तच्चं**-काल द्रव्य का तत्त्व **जाण**-जानो।

सम्यग्ज्ञान-स्वरूप

सम्मत्तविणाभावी, जं णाणं जीवे सण्णाणं तं।
भणदि जहत्थ-सरूवं, णूणमहियं विणा अत्थस्स।।31।।

अन्वयार्थ-जीवे-जीव में **सम्मत्तविणाभावी**-सम्यक्त्व का अविनाभावी **जं**-जो **णाणं**-ज्ञान है **तं**-वह **सण्णाणं**-सम्यग्ज्ञान है

(वह) **णूणं**-न्यून **अहियं**-अधिक **विणा**-बिना **अत्थस्स**-पदार्थ का **जहत्थ-सरूवं**-यथार्थ स्वरूप **भणादि**-कहता है।

सम्यक्चारित्र-स्वरूप

अप्परूव-लद्धीए, सुहे पविट्ठी णिवट्ठी असुहादु।
सच्चरियं णादव्वं, कारणं णिच्छय-चरित्तस्स।।32।।

अन्वयार्थ-अप्परूव-लद्धीए-आत्मस्वरूप की प्राप्ति के लिए **सुहे**-शुभ में **पविट्ठी**-प्रवृत्ति **असुहादु**-अशुभ से **णिवट्ठी**-निवृत्ति **सच्चरियं**-सम्यक्चारित्र **णादव्वं**-जानना चाहिए (जो) **णिच्छय-चारित्तस्स**-निश्चय चारित्र का **कारणं**-कारण है।

अभेद रत्नत्रय धारक

णिच्छय-रयणत्तयं च, होज्जा अभेदरूवं णियमेणं।
णेव गिहत्थो कया वि, तं लहिदुं समत्थो साहू।।33।।

अन्वयार्थ-णिच्छय-रयणत्तयं-निश्चय रत्नत्रय **णियमेणं**-नियम से **अभेदरूवं**-अभेदरूप **होज्जा**-होता है **च**-और **तं**-उसे **लहिदुं**-प्राप्त करने में **साहू**-साधु (ही) **समत्थो**-समर्थ है **गिहत्थो**-गृहस्थ **कया वि**-कदापि भी (समर्थ) **णेव**-नहीं है।

योगी कौन ?

भव-तण-भोय-विरत्तो, सहाव-लीणो रयणत्तय-जुत्तो।
जोगी णिरारंभो य, जो कम्मिंधण-दाहगो सो।।34।।

अन्वयार्थ-कम्मिंधण-दाहगो-कर्म ईंधन का दाहक **जो**-जो **भव-तण-भोय-विरत्तो**-संसार-शरीर-भोगों से विरक्त **सहाव-लीणो**-स्वभाव में लीन **रयणत्तय-जुत्तो**-रत्नत्रय से युक्त **य**-और **णिरारंभो**-निरारंभ है **सो**-वह **जोगी**-योगी है।

आत्मरसास्वादी

विसयकसायविहीणो, सव्व-पावादु विवज्जिदो जो सो।
झाण-णाण-तव-जुत्तो, अप्प-रस-चक्खेदुं सक्को।।35।।

अन्वयार्थ-जो-जो **विसयकसायविहीणो**-विषय कषाय से विहीन **सव्व-पावादु**-सभी पापों से **विवज्जिदो**-विवर्जित **झाण-णाण-तव-जुत्तो**-ध्यान, ज्ञान और तप से युक्त है **सो**-वह **अप्प-रस-चक्खेदुं**-आत्मरस चखने में **सक्को**-समर्थ है।

ज्ञानलीन मंगल

ठिदि-पण्णा जे साहू, णाणम्मि करंति चित्तमेगग्गं।
लोयम्मि मंगल्ला हु, जग-पुज्जा मुणी ते णेया।।36।।

अन्वयार्थ-ठिदि-पण्णा-स्थिति प्रज्ञ **जे**-जो **साहू**-साधु **णाणम्मि**-ज्ञान में **चित्तमेगग्गं**-चित्त को एकाग्र **करंति**-करते हैं **हु**-निश्चय से **ते**-उन्हें **लोयम्मि**-लोक में **मंगल्ला**-मंगल **जग-पुज्जा**-जगत् पूज्य **मुणी**-मुनि **णेया**-जानना चाहिए।

लोकपूज्य योगी

भव-दुक्खादो भीदो, भव-हेदु-पाव-विणासगो जोगी।
सव्वामंगल-हंतू, होज्जा कहं जग-पुज्जो णो।।37।।

अन्वयार्थ-भव-दुक्खादो-भव दुःख से **भीदो**-भीत **भव-हेदु-पाव-विणासगो**-संसार के हेतुभूत पाप के विनाशक **सव्वामंगल-हंतू**-अमंगल को हरने वाले **जोगी**-योगी **कहं**-कैसे **जग-पुज्जो**-जगत् पूज्य **णो**-नहीं **होज्जा**-होते?

अरिहंतावस्था का मूल

वसदि सयं एगंते, जस्स चित्तं अणेगंत-संजुदो।
जो अरिहवत्थाइ सो, मूलो सिवाकंखी जोगी।।38।।

अन्वयार्थ-जो-जो **सयं**-स्वयं **एगंते**-एकांत में **वसदि**-वास करते हैं (लेकिन) **जस्स**-जिसका **चित्तं**-चित्त **अणेगंत-संजुदो**-अनेकांत से युक्त है (जो) **सिवाकंखी**-मोक्ष का आकांक्षी और **अरिहवत्थाइ**-अरिहंत अवस्था का **मूलो**-मूल है **सो**-वह **जोगी**-योगी है।

भव्य कहाँ रागी ?

भोगाणं चागी जो, तिजोग-रोहगो गुणणुरागी सो।
अप्प-सहावे लीणो, जोगी भव्वो रागी जम्मि।।39।।

अन्वयार्थ-जो-जो **भोगाणं**-भोगों का **चागी**-त्यागी **तिजोग-रोहगो**-तीनों योगों का रोधक **गुणणुरागी**-गुणानुरागी **अप्प-सहावे**-आत्म स्वभाव में **लीणो**-लीन है (और) **जम्मि**-जिसमें **भव्वो**-भव्य **रागी**-रागी है **सो**-वह **जोगी**-योगी है।

संयमी ही योगी

कुणदि संजम-साहणं, सया जीव-विराहणा-हीणो जो।
सिद्धाराहणाइ सो, लीणो भाव-विसुद्ध-जोगी।।40।।

अन्वयार्थ-जो **संजम-साहणं**-संयम-साधना **कुणदि**-करता है **सया**-सदा **जीव-विराहणा-हीणो**-जीवों की विराधना से हीन **सिद्धाराहणाइ**-सिद्धों की आराधना में **लीणो**-लीन (और) **भाव-विसुद्धो**-भावों से विशुद्ध है **सो**-वह **जोगी**-योगी है।

आत्माराधक

सव्व-वासणा-हीणो, अप्पुवासणा-लीणो अइसेसी।
एगसणिय-अणवज्जो, जो भदंतो खलु जोगी सो।।41।।

अन्वयार्थ-खलु-निश्चय से **जो**-जो **सव्व-वासणा-हीणो**-सर्व वासना से हीन **अप्पुवासणा-लीणो**-आत्म उपासना में लीन **अइसेसी**-ज्ञान आदि के अतिशय से सम्पन्न **एगसणियो**-एकाशन करने वाला **अणवज्जो**-पाप से रहित **भदंतो**-कल्याणकारक है **सो**-वह **जोगी**-योगी है।

कर्मदाहक

हिदंकरो सव्वाणं, णाणग्गिणा कम्म-तुस-दाहगो य।
अप्परदो जोगी जो, सो सव्व-सुहंकरो णियमा।।42।।

अन्वयार्थ-जो-जो **सव्वाणं**-सभी का **हिदंकरो**-हित करने वाला है **णाणग्गिणा**-ज्ञानाग्नि के द्वारा **कम्म-तुस-दाहगो**-कर्म रूपी भूसे को जलाने वाला **अप्परदो**-आत्मरत **य**-और **णियमा**-नियम से **सव्व-सुहंकरो**-सभी के लिए शुभकर है **सो**-वह **जोगी**-योगी है।

अध्यात्म-संवृत

वच्छल्ल-हिमसेलो य, सव्व-गुणालयो चेयणाए जो।
सहाव-धम्म-पालगो, अज्झप्प-संवुड-जोगी सो।।43।।

अन्वयार्थ-जो-जो **वच्छल्ल-हिमसेलो**-वात्सल्य के हिमालय **चेयणाए**-चेतना के **सव्व-गुणालयो**-सर्व गुणों के आलय **सहाव-धम्म-पालगो**-स्वभाव धर्म पालक **य**-और **अज्झप्प-संवुडो**-(अध्यात्म-संवृत) मनोनिग्रही है **सो**-वह **जोगी**-योगी है।

पंद्रहविध योग

चदु-चदु-सत्त-भेयादु, पणदसविहो मण-वय-काय-जोगो।
कमसो हि मुणेदव्वो, मुणीहि पडिपाडिदो इत्थं।।44।।

अन्वयार्थ-चदु-चदु-सत्त-भेयादु-चार-चार-सात के भेद से **कमसो**-क्रमश: **मण-वय-काय-जोगो**-मन-वचन-काय योग **हि**-निश्चय से **पणदसविहो**-पंद्रह प्रकार का **मुणेदव्वो**-जानना चाहिए **इत्थं**-इस प्रकार **मुणीहि**-मुनियों के द्वारा **पडिपाडिदो**-प्रतिपादित किया गया है।

मन व वचन योग

सच्चासच्चुहयणुहय-भेयादो चदुविहो मणजोगो य।
वयण-जोगो वि चदुहा, एवमेव जहाणुरूवं च।।45।।

अन्वयार्थ-सच्चासच्चुहयणुहय-भेयादो-सत्य, असत्य, उभय और अनुभय के भेद से **मणजोगो**-मनयोग **चदुविहो**-चार प्रकार का है **च**-और **वयण-जोगो**-वचन योग **वि**-भी **एवमेव**-इसी प्रकार **जहाणुरूवं**-यथानुरूप **चदुहा**-चार प्रकार का है।

सप्तविध काय योग

कायजोगारालियो, वेगुव्वियो आहारगो ताणं।
मिस्स-कम्माण-जोगो, सत्तविहो सव्वदा इत्थं।।46।।

अन्वयार्थ-कायजोगो-काय योग **ओरालियो**-औदारिक **वेगुव्वियो**-वैक्रियक **आहारगो**-आहारक **ताणं**-उनके **मिस्सकम्माण-जोगो**-मिश्र (अर्थात् औदारिक मिश्र, वैक्रियक मिश्र, आहारक मिश्र) और कार्माणकाय योग **इत्थं**-इस प्रकार **सव्वदा**-सर्वदा **सत्तविहो**-सात प्रकार का है।

अष्टांग योग

सिद्धंताणुसारेण, पणदसजोगो होज्जा जीवाणं।
परं अट्ठंग-जोगं, जाणह साहणा-पसंगादु।।47।।

अन्वयार्थ-इस प्रकार **सिद्धंताणुसारेण**-सिद्धांत के अनुसार **जीवाणं**-जीवों के **पणदस-जोगो**-पंद्रह योग **होज्जा**-होते हैं **परं**-किंतु (यहाँ) **साहणा-पसंगादु**-साधना का प्रसंग होने से **अट्ठंग-जोगं**-अष्टांग योग **जाणह**-जानो।

पसंगाणुसारेणं, भणिदो वसुविह-जोगो इह गंथे।
वसु-कम्म-णासगो तं, पढणीयो अट्ठंगजोगो।।48।।

अन्वयार्थ-**इह**-इस **गंथे**-ग्रंथ में **पसंगाणुसारेणं**-प्रसंग के अनुसार **वसुविह-जोगो**-आठ प्रकार का योग **भणिदो**-कहा गया है **तं**-इसीलिए **वसु-कम्म-णासगो**-वसुकर्म नाशक **अट्ठंगजोगो**-अष्टांग योग (नामक यह ग्रंथ) **पढणीयो**-पठनीय है।

णेया अट्ठ-संखा हु, बहुवजोगी वसुगुणा सिद्धाणं।
अट्ठ-सम्मत्तंगाणि, णाणस्स जह होज्ज अट्ठाणि।।49।।

अन्वयार्थ-**हु**-निश्चय से **अट्ठ-संखा**-आठ संख्या को **बहुवजोगी**-बहु उपयोगी **णेया**-जानना चाहिए **जहा**-जैसे **सिद्धाणं**-सिद्धों के **वसुगुणा**-आठ गुण **अट्ठ-सम्मत्तंगाणि**-सम्यक्त्व के आठ अंग **णाणस्स**-ज्ञान के **अट्ठाणि**-आठ अंग **होज्ज**-होते हैं।

होज्जा हु अट्ठ-भूमी, तित्थयरस्स धम्मसहाए सया।
तह अट्ठम-भूमीए, बारस-सहाओ जीवाणं।।50।।

वसु-मंगल-दव्वाइं, पूयण-दव्वाणि अट्ठ-पडिहारी।
अट्ठा अप्पपदेसा, णियमेण होंति तहा अचला।।51।।

अन्वयार्थ-**हु**-निश्चय से **तित्थयरस्स**-तीर्थंकर की **धम्म-सहाए**-

धर्म सभा में **सया**-सदा **अट्ठ-भूमी**-आठ भूमियाँ **होज्जा**-होती हैं **तह**-तथा **अट्ठम-भूमीए**-अष्टम भूमि में **जीवाणं**-जीवों की **बारस-सहाओ**-बारह सभाएँ होती हैं **णियमेण**-नियम से **वसु-मंगल-दव्वाइं**-अष्ट मंगल द्रव्य **पूयण-दव्वाणि**-अष्ट पूजन द्रव्य **अट्ठ-पडिहारी**-अष्ट प्रातिहार्य **तहा**-तथा **अट्ठा**-आठ (ही) **अचला**-अचल **अप्प-पदेसा**-आत्म प्रदेश **होंति**-होते हैं।

जम-णियमासण-पाणायामा पच्चाहारो धारणा हु।
झाणं तहा समाही, जोगस्स सया अट्ठंगाणि।।52।।

अन्वयार्थ-**हु**-निश्चय से **जमो**-यम **णियमो**-नियम **आसणं**-आसन **पाणायामो**-प्राणायाम **पच्चाहारो**-प्रत्याहार **धारणा**-धारणा **झाणं**-ध्यान **तहा**-तथा **समाही**-समाधि **जोगस्स**-योग के (ये) **सया**-सदा **अट्ठंगाणि**-आठ अंग होते हैं।

यम

यम का व्युत्पत्त्यर्थ

जम्म-विच्छेदगो य, जगारो मिच्चु-णासगो मगारो।
जमं संजम-पदीगं, धरंति भावि-सिद्धा जे ते।।53।।

अन्वयार्थ-**जगारो**-जकार **जम्म-विच्छेदगो**-जन्म का विच्छेद करने वाला है **य**-और **मगारो**-मकार **मिच्चु-णासगो**-मृत्यु नाशक है **जे**-जो **संजम-पदीगं**-संयम के प्रतीक **जमं**-यम को **धरंति**-धारण करते हैं **ते**-वे **भावि-सिद्धा**-भावी सिद्ध होते हैं।

यम-स्वरूप

सुह-संकप्प-पालणं, सव्व-सावज्ज-जोगं उज्झित्ता।
जमो मुणेदव्वो खलु, जावज्जीवं भव्वजणेहि।।54।।

अन्वयार्थ-**भव्वजणेहि**-भव्यजनों के द्वारा **जावज्जीवं**-यावज्जीवन

सव्व-सावज्ज-जोगं-सर्व सावद्य योग का **उज्झित्ता**-त्याग करके **सुह-संकप्प-पालणं**-शुभ संकल्प का पालन करना **खलु**-निश्चय से **जमो**-यम **मुणेदव्वो**-जानना चाहिए।

यम का माहात्म्य

मण्णे लोगम्मि जमो, तस्स जमस्स अवि संहारगो जो।
सो जमो संजमो वा, कम्म-विघादगो णियमेणं।।55।।

अन्वयार्थ-**लोगम्मि**-लोक में **जो**-जो **जमो**-यम (यमराज) **मण्णे**-माना जाता है **तस्स**-उस **जमस्स**-यमराज का **अवि**-भी **संहारगो**-संहारक **सो**-वह **जमो**-यम **वा**-अथवा **संजमो**-संयम है (वह) **णियमेणं**-नियम से **कम्म-विघादगो**-कर्म का विघातक है।

धारंति पुण्णवंता, जमं संसार-सुहाणि भुंजित्ता।
सासय-णिव्वाण-सुहं, पावंति सिवणायगा होज्ज।।56।।

अन्वयार्थ-जो **पुण्णवंता**-पुण्यवान् **जमं**-यम **धारंति**-धारण करते हैं वे **संसार-सुहाणि**-संसार सुखों को **भुंजित्ता**-भोगकर **सासय-णिव्वाण-सुहं**-शाश्वत निर्वाण सुख **पावंति**-प्राप्त करते हैं व **सिवणायगा**-शिवनायक **होज्ज**-होते हैं।

यम फल ग्राहक

अप्पवदं पालित्ता, पाविदं मादंगेण सारज्जं।
पुण मोक्खं पाविहिदे, जमपालो जमपालणेणं।।57।।

अन्वयार्थ-**अप्पवदं**-अल्प व्रत का **पालित्ता**-पालन कर **मादंगेण**-चांडाल के द्वारा भी **सारज्जं**-स्वर्ग का राज्य **पाविदं**-प्राप्त किया गया **पुण**-पुनः **जमपालणेणं**-यम के पालन से **जमपालो**-यमपाल **मोक्खं**-मोक्ष **पाविहिदे**-प्राप्त करेगा।

काग-मंस-चागेणं, लहिदो मोक्खो भिल्ल-पुरुरवेणं।
भिल्ल-खदिरसारेण य, सग्गो पाविस्सदि सिवं पुण।।58।।

अन्वयार्थ-काग-मंस-चागेणं-कौए के माँस के त्याग से **भिल्ल पुरुरवेणं**-पुरुरवा भील के द्वारा कालांतर में **मोक्खो**-मोक्ष **लहिदो**-प्राप्त किया गया **य**-और **भिल्ल-खदिरसारेण**-खदिरसार भील ने **सग्गो**-स्वर्ग प्राप्त किया (वह) **पुण**-पुनः **सिवं**-मोक्ष **पाविस्सदि**-प्राप्त करेगा।

पालिय पंचणुव्वदं, णायसिरीए हु पाविदो सग्गो।
पुण सुगुमालं होच्चा, सुहा सव्वत्थ-सिद्धी गदा।।59।।

अन्वयार्थ-हु-निश्चय से **पंचणुव्वदं**-पाँच अणुव्रतों का **पालिय**-पालन कर **णायसिरीए**-नागश्री ने **सग्गो**-स्वर्ग **पाविदो**-प्राप्त किया। **पुण**-पुनः **सुगुमालं**-सुकुमाल **होच्चा**-होकर **सुहा**-शुभ **सव्वत्थ-सिद्धी**-सर्वार्थसिद्धि **गदा**-गए।

उज्झिय रत्ति-भोयणं, जागरिगा जमरूवेण होहीअ।
णायसिरी पुण देवो, लहिस्सदि णिव्वाणं सुइरं।।60।।

अन्वयार्थ-जमरूवेण-यम रूप से **रत्ति-भोयणं**-रात्रि भोजन का **उज्झिय**-त्यागकर **जागरिगा**-जागरिका **णायसिरी**-नागश्री **पुण**-पुनः **देवो**-देव **होहीअ**-हुई (व) **सुइरं**-शीघ्र **णिव्वाणं**-निर्वाण **लहिस्सदि**-प्राप्त करेगी।

धण्णंकर-पुण्णंकर भादू पालित्तु जिणच्चण-धम्मं।
होहीअ राय-पुत्ता, अमर-वइर-सेणा सुरा पुण।।61।।

अन्वयार्थ-धण्णंकर-पुण्णंकर-भादू-धण्णंकर व पुण्णंकर भाई **जिणच्चण-धम्मं**-जिन अर्चना रूप धर्म का **पालित्तु**-पालन कर

अमर-वइर-सेणा-अमरसेन-वइरसेन-नामक **राय-पुत्ता**-राज पुत्र **होहीअ**-हुए **पुण**-पुनः **सुरा**-देव हुए।

जमरूवेण रत्तीइ, चदुविहाहारं उज्झिय सिआलो।
होज्ज पीदिंगरो पुण, पाविदं णिव्वाणं तेणं।।62।।

अन्वयार्थ-जमरूवेण-यम रूप से **रत्तीइ**-रात्रि में **चदुविहाहारं**-चारों प्रकार के आहार का **उज्झिय**-त्यागकर **सिआलो**-सियार **पीदिंगरो**-प्रीतिंकर **होज्ज**-हुआ **पुण**-पुनः **तेणं**-उसके द्वारा **णिव्वाणं**-निर्वाण **पाविदं**-प्राप्त किया गया।

नियम

नियम-स्वरूप

सुह-संकप्प-गहणं हु, संकप्पेणं वा अप्पयालस्स।
पाव-उज्झणं मण्णे, उहय-सुक्ख-कारणं णियमो।।63।।

अन्वयार्थ-अप्पयालस्स-अल्प काल के लिए **संकप्पेणं**-संकल्प पूर्वक **पाव-उज्झणं**-पाप का त्याग करना **वा**-अथवा **सुह-संकप्प-गहणं**-शुभ संकल्प का ग्रहण करना **हु**-निश्चय से **उहय-सुक्ख-कारणं**-उभय सुख का कारण **णियमो**-नियम **मण्णे**-माना गया है।

नियम-माहात्म्य

सग्गस्स सारभूदो, मण्णे णियमो सय सुह-सोवाणं।
णियममेगं वि पालदि, जो सो लहदि मोक्खं कमसो।।64।।

अन्वयार्थ-णियमो-नियम **सय**-सदा **सग्गस्स**-स्वर्ग के लिए **सारभूदो**-सारभूत (व) **सुह-सोवाणं**-सुख का सोपान **मण्णे**-माना जाता है **जो**-जो **एगं**-एक **वि**-भी **णियमं**-नियम का **पालदि**-पालन करता है **सो**-वह **कमसो**-क्रमशः **मोक्खं**-मोक्ष **लहदि**-प्राप्त करता है।

सकल संयम का हेतु

मण्णे णियमो णियमा, जमस्स सयल-संजम-कारणं वा।
सो ववहार-मग्गो य, णिच्छय-कारणं ववहारो।।65।।

अन्वयार्थ-णियमो-नियम **णियमा**-नियम से **जमस्स**-यम **वा**-अथवा **सयल-संजम-कारणं**-सकल संयम का कारण **मण्णे**-माना गया है। **सो**-वह **ववहार-मग्गो**-व्यवहार मार्ग है **य**-और **ववहारो**-व्यवहार **णिच्छय-कारणं**-निश्चय का कारण है।

व्यवहार भी आवश्यक

ववहार-मुविक्खित्ता, णिच्छयं कंखेदि जो सो मूढो।
सेणिं विणा छायणं, जह तह मग्गं विणा लक्खं।।66।।

अन्वयार्थ-जो-जो **ववहार-मुविक्खित्ता**-व्यवहार की उपेक्षा करके **णिच्छयं**-निश्चय की **कंखेदि**-आकांक्षा करता है **सो**-वह **तह**-उसी प्रकार **मूढो**-मूढ़ है **जह**-जैसे (कोई) **सेणिं**-श्रेणी (सीढ़ी) के **विणा**-बिना **छायणं**-छत्त की (व) **मग्गं**-मार्ग के **विणा**-बिना **लक्खं**-लक्ष्य की आकांक्षा करता है।

निश्चय भी आवश्यक

पच्चक्खेण अप्पणिहि-हेदू होदि णिच्छय-मोक्खमग्गो।
सम्म-ववहारो सिवो, णो सक्को विणा णिच्छयेण।।67।।

अन्वयार्थ-पच्चक्खेण-प्रत्यक्ष रूप से **णिच्छय-मोक्खमग्गो**-निश्चय मोक्षमार्ग **अप्पणिहि-हेदू**-आत्म निधि का हेतु **होदि**-होता है। **णिच्छयेण विणा**-निश्चय के बिना **सम्म-ववहारो**-सम्यक् व्यवहार व **सिवो**-मोक्ष **सक्को**-शक्य **णो**-नहीं है।

व्यवहार-निश्चय

तणुव्व ववहार-णयो, पाणोव्व सय णिच्छय-णयो मण्णे।
पाणं विणा तणू जह, णिच्छयेण विणा ववहारो।।68।।

अन्वयार्थ-ववहार-णयो-व्यवहार नय **तणुव्व**-शरीर के समान (और) **णिच्छय-णयो**-निश्चय नय **सय**-सदा **पाणोव्व**-प्राण के समान **मण्णे**-माना जाता है **जह**-जिस प्रकार **पाणं**-प्राण के **विणा**-बिना **तणू**-शरीर है (उसी प्रकार) **णिच्छयेण**-निश्चय के **विणा**-बिना **ववहारो**-व्यवहार है।

बीयं व ववहारो य, रुक्खोव्व हु णिच्छय-णयो मण्णे।
बीयं विणा ण रुक्खो, तह ण समाही विणा बोहिं।।69।।

अन्वयार्थ-ववहारो-व्यवहार नय **बीयं व**-बीज के समान **य**-और **णिच्छय-णयो**-निश्चय नय **रुक्खोव्व**-वृक्ष के समान **मण्णे**-माना जाता है (जिस प्रकार) **बीयं**-बीज के **विणा**-बिना **रुक्खो**-वृक्ष **ण**-नहीं होता **तह**-उसी प्रकार **हु**-निश्चय से **बोहिं**-बोधि (रत्नत्रय) के **विणा**-बिना **समाही**-समाधि **ण**-नहीं होती।

देहं विणा ण सक्को, को वि अप्पा लहिदुं मोक्खमग्गं।
पाणं विणा जहा खलु , सरीरं जीविदुं णो कया वि।।70।।

अन्वयार्थ-खलु-निश्चय से **देहं**-देह के **विणा**-बिना **को वि**-कोई भी **अप्पा**-आत्मा **कया वि**-कदापि **मोक्खमग्गं**-मोक्ष मार्ग **लहिदुं**-प्राप्त करने में (उसी प्रकार) **सक्को**-शक्य **ण**-नहीं है। **जहा**-जिस प्रकार **पाणं विणा**-प्राणों के बिना **सरीरं**-शरीर **जीविदुं**-जीने में (समर्थ) **णो**-नहीं है।

अणंत-पज्जायेसु वि, लहिदुं सिवं जीवो विणा देहं।
असक्को विणा माणुस-देहं को वि अप्पा तहेव।।71।।

अन्वयार्थ-को वि-कोई भी **जीवो**-जीव **देहं**-देह के **विणा**-बिना

अणंत-पज्जायेसु-अनंत पर्यायों में **वि**-भी **सिवं**-मोक्ष **लहिदुं**-प्राप्त करने में **असक्को**-अशक्य है। **तहेव**-उसी प्रकार **माणुस-देहं**-मनुष्य देह के **विणा**-बिना **अप्पा**-आत्मा (मोक्ष प्राप्त करने में अशक्य है)।

नियम आवश्यक

णियमो ववहार-पहो, जदि सम्मं ता सिव-हेदू णियमा।
णियमं विणा पाविदो, केण सिवो सिवपहो धम्मो।।72।।

अन्वयार्थ-णियमो-नियम **ववहार-पहो**-व्यवहार पथ है। **जदि**-यदि (वह) **सम्मं**-सम्यक् है **ता**-तो **णियमा**-नियम से **सिव-हेदू**-मोक्ष का हेतु है। **णियमं विणा**-नियम के बिना **केण**-किसके द्वारा **धम्मो**-धर्म **सिवपहो**-मोक्ष पथ (व) **सिवो**-मोक्ष **पाविदो**-प्राप्त किया गया?

मोक्ष सुख हेतु

भव्वा जे पालंते, सम्मं णियमं पावित्ता सय ते।
संसार-सार-सोक्खं, लहंते मोक्ख-सुहं कमसो।।73।।

अन्वयार्थ-जे-जो **भव्वा**-भव्य जीव **सय**-सदा **सम्मं**-सम्यक् **णियमं**-नियम का **पालंते**-पालन करते हैं **ते**-वे **संसार-सार-सोक्खं**-संसार के सारभूत सुख **पावित्ता**-प्राप्त कर **कमसो**-क्रमशः **मोक्ख-सुहं**-मोक्ष सुख **लहंते**-प्राप्त करते हैं।

नियम फल ग्राहक

वसुदत्त-तुंगभद्दा-दुग्गंधाणंतमदि-णीलीहिं च।
विज्जुदुमय-रोहिणीहि, पाविदं सप्फलं णियमस्स।।74।।

अन्वयार्थ-वसुदत्त-तुंगभद्दा-दुग्गंधाणंतमदि-णीलीहिं-वसुदत्त, तुंगभद्रा, दुर्गंधा, अनंतमति, नीली **विज्जुदुमय-रोहिणीहि च**-विद्युत्चोर, उमय और रोहिणी के द्वारा **णियमस्स**-नियम का **सप्फलं**-सत्फल **पाविदं**-प्राप्त किया गया।

नियम, यम का हेतु

णियमेण होदि णियमो, भव-खंडणस्स दुह-भंजण-हेदू।
सया जमस्स कारणं, सुह-संकप्प-जुत्तो णियमो।।75।।

अन्वयार्थ-णियमेण-नियम से **णियमो**-नियम **भव-खंडणस्स**-भव-खंडन व **दुह-भंजण-हेदू**-दु:ख भंजन का हेतु **होदि**-होता है। **सुह-संकप्प-जुत्तो**-शुभ संकल्प से युक्त **णियमो**-नियम **सया**-सदा **जमस्स**-यम का **कारणं**-कारण है।

आसन

आसन धारक कौन ?

भवाहिलासो ण जाण, कंखंते णो भववासं जे ते।
संत-विमल-चित्त-जुदा, समत्था आसणं धरेदुं।।76।।

अन्वयार्थ-जाण-जिनके **भवाहिलासो**-भवाभिलाषा **ण**-नहीं है **जे**-जो **भववासं**-भव वास की **णो कंखंते**-आकांक्षा नहीं करते **संत-विमल-चित्त-जुदा**-शांत व विमल चित्त से युक्त **ते**-वे **आसणं**-आसन **धरेदुं**-धारण करने में **समत्था**-समर्थ हैं।

कुणंति धम्मज्झाणं, जोगी णिच्चं विभिण्णासणेसुं।
धम्मझाणस्स कस्स वि, णियमो णो एग-आसणस्स।।77।।

अन्वयार्थ-जोगी-योगी **णिच्चं**-नित्य **विभिण्णासणेसुं**-विभिन्न आसनों में **धम्मज्झाणं**-धर्मध्यान **कुणंति**-करते हैं **धम्मझाणस्स**-धर्मध्यान के लिए **कस्स वि**-किसी भी **एग-आसणस्स**-एक आसन का **णियमो**-नियम **णो**-नहीं है।

स्थिर आसन से निर्वाण

उत्तम-संहणण-जुदा, बली थिमिआकंपिया ठिरासणा।
सव्वावत्थं झायिय, पावंति सस्सद-णिव्वाणं।।78।।

अन्वयार्थ-उत्तम-संहणण-जुदा-उत्तम संहनन से युक्त **बली**-बलवान् **थिमिआकंपिया**-निश्चल, अकंप **ठिरासणा**-स्थिर आसन वाले **सव्वावत्थं**-सर्वावस्थाओं में **झायिय**-ध्यान कर **सस्सद-णिव्वाणं**-शाश्वत निर्वाण को **पावंति**-प्राप्त करते हैं।

प्रशस्तासन

इह काले सत्तीए, झाणस्स कइवय-सूरी भासंति।
बे-आसणं पसत्थं, काउसग्गो पउमासणं च।।79।।

अन्वयार्थ-कइवय-सूरी-कई आचार्य **इह काले**-इस काल में **सत्तीए**-शक्त्यानुसार **झाणस्स**-ध्यान के लिए **बे-आसणं पसत्थं**-दो प्रशस्त आसन **भासंति**-कहते हैं **काउसग्गो**-कायोत्सर्ग **च**-और **पउमासणं**-पद्मासन।

ध्यान हेतु आसन

पउमासण-वीरासण-वज्जं अद्धपज्जंग-पज्जंगं।
सुहासणादि-मासणं, झाणस्स गहणिदव्वं तहा।।80।।

अन्वयार्थ-पउमासण-वीरासण-वज्जं-पद्मासन, वीरासन, वज्रासन **अद्धपज्जंग-पज्जंगं**-अर्द्धपर्यंक, पर्यंक **तहा**-और **सुहासणादिं**-सुखासन आदि **आसणं**-आसन **झाणस्स**-ध्यान के लिए **गहणिदव्वं**-ग्रहण करने योग्य हैं।

आसन से मनस्थिरता

जेण आसणेणं खलु, सक्को जोगी थिरीकणस्स मणं।
तेण आसणेण सया, झाएज्जा सुद्धभावेहिं।।81।।

अन्वयार्थ-खलु-निश्चय से **जेण**-जिस **आसणेणं**-आसन के द्वारा

जोगी-योगी **मणं**-मन को **थिरीकणस्स**-स्थिर करने के लिए **सक्को**-शक्य है **तेण**-उस **आसणेण**-आसन के द्वारा **सया**-सदा **सुद्धभावेहिं**-शुद्ध भावों से **झाएज्जा**-ध्यान करना चाहिए।

आसनाभ्यास आवश्यक

आसणब्भासं विणा, विज्जदे ण सरीर-थिरिमा कया वि।
ताए समाहि-याले, खिज्जेदि तहा णिच्छयेणं।।82।।

अन्वयार्थ-आसणब्भासं-आसन के अभ्यास के **विणा**-बिना **सरीर-थिरिमा**-शरीर की स्थिरता **कया वि**-कदापि **ण**-नहीं **विज्जदे**-होती। **तहा**-तथा **णिच्छयेणं**-निश्चय से **ताए**-उससे (शरीर की अस्थिरता से) **समाहि-याले**-समाधि काल में **खिज्जेदि**-खिन्नता होती है।

आसन से लाभ

विरत्ति-विड्ढि-कारणं, मण-पणिहि-अक्ख-णिग्गहाण-हेदू।
संवेग-भाव-वड्ढग-मारोग्ग-हेदू आसणं च।।83।।

अन्वयार्थ-आसणं-आसन **विरत्ति-विड्ढि-कारणं**-विरक्ति की वृद्धि का कारण **मण-पणिहि-अक्ख-णिग्गहाण-हेदू**-चित्त की एकाग्रता, इंद्रिय निग्रह का हेतु **संवेग-भाव-वड्ढगं**-संवेग भाव का वर्द्धक **च**-और **आरोग्ग-हेदू**-आरोग्य का हेतु है।

